# हार कर दर पे जो आता है सांवरा उनको अपनाता है लिरिक्स

हार कर दर पे जो आता है,
सांवरा उनको अपनाता है,
थोड़े आंसू और मन में भाव लिए,
श्याम चरणों में जो आता है,
हार कर दर पे जों आता है,
सांवरा उनको अपनाता है।bd।

---

श्याम देता सहारा,
वो ही तो दे आसरा,
बीच मझधार जो कश्ती,
किनारा भी दे सांवरा,
हर दम हारे का देता साथ है,
ऐसा श्याम सरकार है,
जिनकी साँसों में नित प्रेम है,
सांवरा उनको अपनाता है,
हार कर दर पे जों आता है,
सांवरा उनको अपनाता है।bd।

---

ग़म के बदल जब छाये,
लीले चढ़ वो आता है,
अपने भक्तों के जीवन के,
दुखड़े मिटा जाता है,
आज के आंसू कल मोती बने,
अंश को हर पल विश्वास है,
जिनकी आँखों में नित प्रेम है,
सांवरा उनको अपनाता है,
हार कर दर पे जों आता है,
सांवरा उनको अपनाता है।bd।

---

घड़ी खुशियों की जब आये,
संग संग झूमता गाता है,
'संतोष' के हर एक पल पल का,
साथी वो बन जाता है,
जीवन बगिया महकता है,
मन में वो बस जाता है,
जो इन्हे मानता मीत है,
सांवरा उनको अपनाता है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हार कर दर पे जों आता है,
सांवरा उनको अपनाता है।bd।

हार कर दर पे जो आता है,
सांवरा उनको अपनाता है,
थोड़े आंसू और मन में भाव लिए,
श्याम चरणों में जो आता है,
हार कर दर पे जों आता है,
सांवरा उनको अपनाता है।bd।

**Singer – Santosh Mahant**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com